# गुलाबी ठंड में प्रदेश पर पड़ेगी मेगा परियोजनाओं की फुहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले अगले 50 दिनों के दौरान प्रदेश को मेगा परियोजनाओं की कई सौगातें मिलेंगी। गुलाबी ठंड में प्रदेश में परियोजनाओं की फुहार पड़ेगी। योगी सरकार परियोजना रूपी इन उपहारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों प्रदेश को सौंपने की तैयारी में जुटी है। इनमें से कुछ परियोजनाओं का प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे तो कुछ का शिलान्यास। हालांकि, सूबे को उपहार मिलने का सिलसिला 13 नवंबर से ही शुरू हो जाएगा जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे।

**झांसी में 19 को सौगातों की बौछार :** प्रधानमंत्री 19 नवंबर को झांसी किला परिसर में महारानी लक्ष्मीबाई के 193वीं जयंती समारोह में शामिल होंगे। झांसी में

## उपहार

- प्रधानमंत्री के हाथों नवंबर-दिसंबर में कई प्रोजेक्ट के लोकार्पण और शिलान्यास की तैयारी
- एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट-फिल्म सिटी की सौगातें, श्री काशी विश्वनाथ कारिडोर भी शामिल

नल के जरिये जल योजना समेत कई विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

वह डिफेंस कारिडोर के झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की ओर से लगाई जा रही फैक्ट्री के भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस फैक्ट्री में स्वदेशी तकनीक से आकाश मिसाइल में प्रयुक्त होने वाली प्रणोदन प्रणाली का निर्माण किया जाएगा।

**बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे भी लगभग तैयार:** प्रदेश को जल्द ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के तौर पर भी नई सौगात मिलेगी। लगभग 15,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाये जा रहे 296.07 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे का निर्माण का कार्य तेजी से जारी है।

चित्रकूट से शुरू होकर बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन होते हुए इटावा के कुदरैल गांव के पास लखनऊ -आगरा एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाला यह एक्सप्रेसवे जल्दी बनकर तैयार हो जाएगा। चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले इसका भी लोकार्पण कराने की योजना है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 16 को

प्रधानमंत्री तकरीबन 42 हजार करोड़ की लागत से बनाये गए 340.82 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का 16 नवंबर को सुलतानपुर में लोकार्पण कर सूबे को तोहफा देंगे। यह एक्सप्रेसवे लखनऊ को पूर्वी उप्र के गाजीपुर जिले से जोड़ेगा।

### गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास अगले माह

योगी सरकार प्रयागराज को मेरठ से जोड़ने वाले 595 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री के हाथों अगले माह शिलान्यास कराने की तैयारी कर रही है। गंगा एक्सप्रेसवे की लागत 36,000 करोड़ रुपये है।

### श्री काशी विश्वनाथ कारिडोर भी करेंगे भेंट

प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में श्री काशी विश्वनाथ कारिडोर परियोजना का लोकार्पण अगले महीने करेंगे। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसका निर्माण कार्य तकरीबन पूरा हो चुका है। दिसंबर में वह इसे जनता को भेंट करेंगे।

### जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी का तोहफा इसी माह

प्रधानमंत्री 25 नवंबर को गौतम बुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट की आधारशिला रखेंगे। वह फिल्म सिटी का भी शिलान्यास कर सकते हैं। यह दोनों परियोजनाएं भविष्य में सूबे की शान साबित होंगी जिनसे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

### गोरखपुर को मिलेंगे उपहार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर में बंद पड़ा खाद कारखाना भी अगले माह तक शुरू हो जाएगा। गोरखपुर एम्स को भी अगले माह तक शुरू करने की योजना है।